# यूपी बोर्ड मॉडल प्रश्नपत्र 2023

## कक्षा 12 (सामान्य हिन्दी )

केवल प्रश्नपत्र

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 100**

**निर्देश – प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।**

## खण्ड 'क'

1. (क) 'डिप्टी कलक्टरी' के लेखक हैं-

(i) वासुदेवशरण अग्रवाल

(ii) अमरकान्त

(iii) प्रो० जी० सुन्दर रेड्डी

(iv) डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी।

(ख) निम्नलिखित में से कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' की रचना है—

(i) 'उरुज्योति'

(ii) 'अग्नि की उड़ान'

(iii) 'महके आँगन चहके द्वार'

(iv) 'मेरे विचार'।

(ग) मुंशी प्रेमचन्द ने उपन्यास लिखा है-

(i) चन्द्रकान्ता

(ii) गोदान

(iii) परीक्षा - गुरु

(iv) नौका डूबी।

(घ) निम्न में से हरिशंकर परसाई का निबन्ध संग्रह है-

(i) 'विचार प्रवाह'

(ii) 'प्रस्तुत प्रश्न '

(iii) 'पृथिवीपुत्र'

(iv) 'तब की बात और थी।

Gyansindhu Coaching Classes

(ङ) 'सच्ची वीरता' निबन्ध के लेखक हैं—

(i) वासुदेवशरण अग्रवाल

(ii) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'

(iii) राय कृष्णदास

(iv) सरदार पूर्णसिंह |

2. (क) निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रन्थ आदिकाल का है-

(i) श्रीरामचरितमानस

(ii) पद्मावत

(iii) रासो

(iv) कामायनी।

(ख) निम्न में से मैथिलीशरण गुप्त का पहला काव्यसंग्रह है-

(i) 'यशोधरा'

(ii) 'भारत-भारती'

(iii) 'सिद्धराज'

(iv) 'पंचवटी'।

(ग) निम्न में से कौन 'खड़ीबोली' का प्रथम महाकाव्य है-

(i) वैदेही वनवास

(ii) प्रियप्रवास

(iii) साकेत

(iv) कामायनी।

(घ) सुमित्रानन्दन पन्त को 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार किस कृति पर मिला था -

(i) 'युगान्त'

(ii) 'कला और बूढ़ा चाँद'

(iii) 'लोकायतन'

(iv) 'स्वर्ण किरण'।

(ङ) निम्न में से किन्हें 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' नहीं मिला है-

(i) महादेवी वर्मा को

(ii) निराला को.

(iii) सुमित्रानन्दन पन्त को

(iv) अज्ञेय को।

Gyansindhu Coaching Classes

3. दिए गए गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

रमणीयता और नित्य नूतनता अन्योन्याश्रित हैं, रमणीयता के अभाव में कोई भी चीज मान्य नहीं होती। नित्य नूतनता किसी भी सर्जक की मौलिक उपलब्धि की प्रामाणिकता सूचित करती है और उसकी अनुपस्थिति में कोई भी चीज वस्तुतः जनता व समाज के द्वारा स्वीकार्य नहीं होती। सड़ी- गली मान्यताओं से जकड़ा हुआ समाज जैसे आगे बढ़ नहीं पाता, वैसे ही पुरानी रीतियों और शैलियों की परम्परागत लीक पर चलनेवाली भाषा भी जनचेतना को गति देने में प्राय: असमर्थ ही रह जाती है। भाषा समूची युगचेतना की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है और ऐसी सशक्तता तभी वह अर्जित कर सकती है, जब वह अपने युगानुकूल सही मुहावरों को ग्रहण कर सके। भाषा सामाजिक भाव-प्रकटीकरण की सुबोधता के लिए ही उद्दिष्ट है, उसके अतिरिक्त उसकी जरूरत ही सोची नहीं जाती। इस उपयोगिता की सार्थकता समसामयिक सामाजिक चेतना में प्राप्त अनेक प्रकारों की संश्लिष्टताओं की दुरूहता का परिहार करने में ही निहित है।

प्रश्न – (क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) सर्जक की मौलिक उपलब्धि का प्रमाण क्या है?

(घ) किससे जकड़ा हुआ समाज आगे बढ़ नहीं पाता ?.

(ङ) 'रमणीयता' और 'उद्दिष्ट' शब्दों का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

अथवा

जो कुछ भी हम इस संसार में देखते हैं वह ऊर्जा का ही स्वरूप है। जैसा कि महर्षि अरविन्द ने कहा है कि हम भी ऊर्जा के ही अंश हैं। इसलिए जब हमने यह जान लिया है कि आत्मा और पदार्थ दोनों ही अस्तित्व का हिस्सा हैं, वे एक-दूसरे से पूरा तादात्म्य रखे हुए हैं तो हमें यह एहसास भी होगा कि भौतिक पदार्थों की इच्छा रखना किसी भी दृष्टिकोण से शर्मनाक या गैर - आध्यात्मिक बात नहीं है।

प्रश्न – (क) महर्षि अरविन्द ने क्या कहा है?

(ख) हम इस संसार में जो कुछ देखते हैं वह क्या है?

(ग) 'अस्तित्व' और 'तादात्म्य' शब्दों का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(घ) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।

4. दिए गए पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

मेरे प्यारे नव जलद से कंज से नेत्रवाले।
जाके आये न मधुवन से औ न भेजा सँदेसा।
मैं रो-रो के प्रिय विरह से बावली हो रही हूँ।
जाके मेरी सब दुःख-कथा श्याम को तू सुना दे।।
ज्यों ही तेरा भवन तज तू अल्प आगे बढ़ती।
शोभावाली सुखद कितनी मंजु कुंजें मिलेंगी ।।
प्यारी छाया मृदुल स्वर से मोह लेंगी तुझे वे।
तो भी मेरा दुःख लख वहाँ जा न विश्राम लेना ।।

प्रश्न – (क) राधा किसके द्वारा कृष्ण को सन्देश भिजवाती हैं?

(ख) कृष्ण का सौन्दर्य कैसा है ? उल्लेख कीजिए।

(ग) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(घ) राधा की मनोदशा का वर्णन कीजिए।

(ङ) उपर्युक्त पद्यांश से सम्बन्धित कविता का शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।

अथवा

है बहुत बरसी धरित्री पर अमृत की धार,
पर नहीं अब तक सुशीतल हो सका संसार।
भोग-लिप्सा आज भी लहरा रही उद्दाम,
बह रही असहाय नर की भावना निष्काम।
भीष्म हों अथवा युधिष्ठिर, या कि हों भगवान,
बुद्ध हो कि अशोक, गांधी हो कि ईसु महान
सिर झुका सबको, सभी को श्रेष्ठ निज से मान,
मात्र वाचिक ही उन्हें देता हुआ सम्मान,
दग्ध कर पर को, स्वयं भी भोगता दुख-दाह,
जा रहा मानव चला अब भी पुरानी राह।

प्रश्न – (क) पद्यांश के पाठ और कवि का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) प्रस्तुत काव्यांश में अमृत की धार बरसने से क्या तात्पर्य है?

(घ) महात्माओं के उपदेशों के सन्दर्भ में कवि ने क्या कहा है?

(ङ) प्रस्तुत पद्यांश में मानव के दुःखों का निमित्त और निदान क्या बताया गया है?

5. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिए—
(शब्द सीमा; अधिकतम 80 शब्द)

(i) वासुदेवशरण अग्रवाल

(ii) डॉ० हजारीप्रसाद द्विवेदी

(iii) डॉ० ए० पी० जे० अब्दुल कलाम।

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए-
(शब्द सीमा अधिकतम 80 शब्द)

(i) महादेवी वर्मा

(ii) सुमित्रानन्दन पन्त

(iii) सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय'।

6. 'ध्रुवयात्रा' अथवा 'बहादुर' कहानी का सारांश लिखिए। (शब्द सीमा अधिकतम 80 शब्द)

अथवा

'पंचलाइट' अथवा 'ध्रुवयात्रा' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

7. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर किसी एक खण्ड
के प्रश्न का उत्तर दीजिए— (शब्द सीमा अधिकतम 80 शब्द)

(i) 'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य के आधार पर गांधीजी का चरित्रांकन कीजिए।

अथवा

'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य के आधार पर किसी एक महत्त्वपूर्ण घटना का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

(ii) 'सत्य की जीत' खण्डकाव्य के आधार पर 'धृतराष्ट्र' का चरित्रांकन कीजिए।

अथवा

'सत्य की जीत' खण्डकाव्य की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए।

(iii) 'रश्मिरथी' खण्डकाव्य के 'प्रथम सर्ग' की कथा अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

'रश्मिरथी' खण्डकाव्य के आधार पर 'कर्ण' की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

(iv) 'आलोक - वृत्त' खण्डकाव्य के आधार पर गांधीजी का चरित्र - चित्रण कीजिए

अथवा

'आलोक-वृत्त' के 'द्वितीय सर्ग' की कथावस्तु लिखिए।

(v) 'त्यागपथी' खण्डकाव्य के नायक 'सम्राट् हर्षवर्धन' का चरित्र- चित्रण कीजिए।

अथवा

Gyansindhu Coaching Classes

'त्यागपथी' खण्डकाव्य के 'द्वितीय सर्ग' की कथा संक्षेप में लिखिए।

(vi) 'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के आधार पर 'दशरथ' का चरित्रांकन कीजिए।

अथवा

'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के 'अयोध्या' सर्ग की कथावस्तु लिखिए।

खण्ड 'ख'

(क) दिए गए संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए-

यथैवोपकरणवतां जीवनं तथैव ते जीवनं स्यात्। अमृतत्वस्य तु नाशास्ति वित्तेन इति सा मैत्रेयी उवाच- येनाहं नामृता स्याम् किमहं तेन कुर्याम् ? यदेव भगवान् केवलममृतत्वसाधनं जानाति, तदेव मे ब्रूहि याज्ञवल्क्य उवाच- प्रिया नः सती त्वं प्रियं भाषसे। एहि, उपविश, व्याख्यास्यामि ते अमृतत्वसाधनम्।

अथवा

महापुरुषाः लौकिक प्रलोभनेषु बद्धाः नियतलक्ष्यान्न कदापि भ्रश्यन्ति। देशसेवानुरक्तोऽयं युवा उच्चन्यायालयस्य परिधी स्थातुं नाशक्नोत्। पण्डितमोतीलाल नेहरू- लालालाजपतरायप्रभृतिभिः अन्यैः राष्ट्रनायकैः सह सोऽपि देशस्य स्वतन्त्रतासङ्ग्रामेऽवतीर्णः। देहल्यां त्रयोविंशतितमे काङ्ग्रेसस्याधिवेशनेऽयम् अध्यक्षपदमलङ्कृतवान्। 'रोलट एक्ट' इत्याख्यस्य विरोधेऽस्य ओजस्विभाषणं श्रुत्वा आङ्ग्लशासकाः भीताः जाताः बहुवारं कारागारे निक्षिप्तोऽपि अयं वीरः देशसेवाव्रतं नात्यजत्।

(ख) दिए गए श्लोकों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए-

उदेति सविता ताम्रस्ताम्र एवास्तमेति च।
सम्पत्ती च विपत्तौ च महतामेकरूपता ॥

अथवा

प्रीणाति यः सुचरितैः पितरं स पुत्रो
यद् भर्तुरेव हितमिच्छति तत् कलत्रम्।
तन्मित्रमापदि सुखे च समक्रियं यद्
एकत्त्रयं जगति पुण्यकृतो लभन्ते ॥

9. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखकर वाक्य का प्रयोग कीजिए-

(i) अपनी खिचड़ी अलग पकाना।

(ii) दाल में काला होना।

(iii) थोथा चना बाजे घना |

(iv) शौकीन बुढ़िया चटाई का लहँगा।

Gyansindhu Coaching Classes

10. (क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि-विच्छेद के सही विकल्प का चयन कीजिए—

(i) 'कवीश्वर' का सन्धि-विच्छेद है—

(अ) कवि + ईश्वर:

(ब) कवि + श्वरः

(स) कवि + इश्वर:

(द) कवी + ईश्वरः।

(ii) 'ज्ञानोपदेश' का सही सन्धि-विच्छेद है-

(अ) ज्ञान + उपदेश:

(ब) ज्ञानो + देश:

(स) ज्ञाने + देश:

(द) ज्ञानो + पदेशः।

(iii) 'शयनम्' का सही सन्धि-विच्छेद हैं-

(अ) शे + अयनम्

(ब) शय + यनम्

(स) शय + नम्

(द) शे + अनम्।

(ख) निम्नलिखित शब्दों की 'विभक्ति' और 'वचन' के अनुसार सही चयन कीजिए-

(i) 'आत्मसु' रूप है, 'आत्मन्' शब्द का—

(क) द्वितीया, एकवचन

(ख) सप्तमी, एकवचन

(ग) चतुर्थी, द्विवचन

(घ) षष्ठी, एकवचन।

(ii) 'नाम्नाम्' शब्द में विभक्ति और वचन है-

(अ) तृतीया विभक्ति एकवचन

(ब) पंचमी विभक्ति, द्विवचन

(स) पष्ठी विभक्ति, बहुवचन

(द) सप्तमी विभक्ति एकवचन।

Gyansindhu Coaching Classes

11. (क) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए-

(i) कपट — कपाट-

(क) कप और प्लेट

(ख) किवाड़ और खिड़की

(ग) धोखा और दरवाजा

(घ) पर्दा और किवाड़।

(ii) अम्बुज और अम्बुद-

(अ) आम और समुद्र

(ब) कमल और बादल

(स) कमल और समुद्र

(द) समुद्र और कमल।

(ख) (i) 'करि' शब्द के सही अर्थ को चुनकर लिखिए -:

(क) हाथी

(ख) सूँडवाला

(ग) करनेवाला

(घ) चोर।

(ii) 'वर्ण' शब्द का उचित अर्थ है-

(अ) शब्द

(ब) समूह

(स) रंग

(द) वर्ग।

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द का चयन करके लिखिए—

(i) जो पहले कभी न हुआ हो-

(क) भूतपूर्व

(ख) अपूर्व

(ग) अभूतपूर्व

(घ) भविष्यपूर्व

Gyansindhu Coaching Classes

(ii) सत्य में जिसका दृढ़ विश्वास हो—

(अ) सत्यव्रत

(ब) सत्यवादी

(स) सत्याग्रही

(द) सत्यनिष्ठ।

(घ) सही उत्तर विकल्प का चयन कर उत्तर दीजिए-

(i) 'मेरा प्राण संकट में है।' वाक्य में अशुद्धि है—

(अ) वचन सम्बन्धी

(ब) कारक सम्बन्धी

(स) लिंग सम्बन्धी

(द) क्रिया सम्बन्धी |

(ii) लिंग की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य है-

(अ) मैंने रामायण की टीका पढ़ी है।

(ब) आपका कृपा-पत्र मिला।

(स) महादेवी वर्मा कवयित्री हैं।

(द) सीमा गुणवान् स्त्री है।

12. (क) 'करुण' रस अथवा 'शान्त' रस का लक्षण और उसका एक उदाहरण लिखिए।

(ख) 'श्लेष' अलंकार अथवा 'उत्प्रेक्षा' अलंकार का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए।

(ग) 'चौपाई' छन्द अथवा 'दोहा' छन्द का लक्षण और उदाहरण लिखिए।

13. स्टेशनरी की दुकान खोलने के लिए किसी बैंक के शाखा प्रबन्धक को एक आवेदन-पत्र लिखिए जिसमें ऋण की माँग की गई हो।

अथवा

ग्राम प्रधान की ओर से अपने जिले के जिलाधिकारी के नाम एक पत्र लिखिए, जिसमें उनसे अपने गाँव की सफाई व्यवस्था ठीक कराने हेतु निवेदन किया गया हो।

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए-

(i) कोरोना : एक वैश्विक चुनौती

(ii) आरक्षण-व्यवस्था : वरदान या अभिशाप

(iii) नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020

(iv) लोकनायक तुलसीदास

(v) प्रदूषण की समस्या : कारण और निवारण।